मंगलवार
5 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 91 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com




## नालंदा विश्वविद्यालय पहुंचे राज्यपाल हसनैन, छात्रों को दिया विशेष संदेश



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने सोमवार को नालंदा विश्वविद्यालय का दौरा किया। उनके आगमन पर विश्वविद्यालय परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान कार्यों और आधुनिक अवसंरचना का अवलोकन किया तथा विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

विश्वविद्यालय की टीम के साथ संवाद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्राचीन नालंदा की समृद्ध दार्शनिक परंपरा को वर्तमान समय के विद्यार्थियों की आकांक्षाओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल बौद्धिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि समग्र शिक्षा की दिशा में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए बिहार लोक भवन में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों में भाग लेने का आमंत्रण दिया। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार की सहभागिता से विद्यार्थियों में बौद्धिक और नागरिक चेतना का विकास होगा तथा समाज से उनका जुड़ाव और मजबूत होगा।

दौरे के दौरान राज्यपाल विश्वविद्यालय के नेट-जीरो परिसर मॉडल से काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने सतत विकास और नवाचार के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए सुझाव दिया कि यहां अपनाए जा रहे आधुनिक और दूरदर्शी मॉडल को बिहार के अन्य विश्वविद्यालयों में भी लागू किया जाना चाहिए।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। दौरा प्रेरणादायक और मार्गदर्शक साबित हुआ।

## नीट परीक्षा में सॉल्वर गिरोह का भंडाफोड़, तीन जालसाज गिरफ्तार



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा पुलिस ने नीट परीक्षा में सॉल्वर बैठाने वाले एक अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एमबीबीएस के एक छात्र समेत तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। यह सफलता 3 मई को आयोजित नीट परीक्षा के मद्देनजर चलाए जा रहे विशेष रोको-टोको और वाहन जांच अभियान के दौरान मिली। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 लाख 95 हजार रुपये नकद, तीन मोबाइल फोन तथा स्कॉर्पियो और ब्रेजा जैसी दो लग्जरी गाड़ियां बरामद की हैं।

राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि 2 मई की देर रात पावापुरी मोड़ के पास जांच के दौरान दो संदिग्ध वाहन भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। स्कॉर्पियो चला रहे अवधेश कुमार (31) की पहचान विम्स कॉलेज के एमबीबीएस छात्र के रूप में हुई। तलाशी में गाड़ी से नकदी बरामद हुई। मोबाइल जांच में नीट समेत अन्य परीक्षाओं के एडमिट कार्ड, अभ्यर्थियों से चैट और लेन-देन के साक्ष्य मिले।

गिरफ्तार आरोपियों में मुजफ्फरपुर के अवधेश कुमार व पंकज कुमार साह तथा मोतिहारी के अमन कुमार सिंह शामिल हैं। पूछताछ में गिरोह का मास्टरमाइंड उज्जवल उर्फ राजा बाबू सामने आया, जो पावापुरी मेडिकल कॉलेज का छात्र है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

पुलिस की कार्रवाई से सॉल्वर परीक्षा केंद्रों तक नहीं पहुंच सके और बड़ी साजिश विफल हो गई। मामले में पावापुरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच तेज कर दी गई है।

## राजगीर की बेटी साक्षी चमकी, राज्यपाल के हाथों मिला पत्रकारिता में गोल्ड मेडल



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर की प्रतिभाशाली छात्रा साक्षी सिन्हा ने स्नातक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्हें पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा भोपाल स्थित एलएनसीटी विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में प्रदान किया गया।

इस गरिमामय समारोह में रवि किशन तथा राजीव शुक्ला सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। साक्षी ने अपनी पढ़ाई के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें गोल्ड मेडल से नवाजा गया।

साक्षी सिन्हा अपने परिवार की पहली महिला हैं जिन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई है। उनके पिता सेवानिवृत्त सेना अधिकारी हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। साक्षी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पावापुरी स्थित तीर्थंकर महावीर विद्या मंदिर से प्राप्त की।

अपनी सफलता का श्रेय साक्षी ने अपने माता-पिता, शिक्षकों और मित्रों को दिया है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और प्रेरणा से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी।

साक्षी की इस उपलब्धि से पूरे राजगीर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

स्थानीय लोगों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इसे गर्व का क्षण बताया है। उनकी सफलता अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरी है, जो उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित करेगी।

## नालंदा पुलिस का बड़ा खुलासा: 4 मानव तस्कर गिरफ्तार, 3 नाबालिग लड़कियां बरामद




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा पुलिस ने मानव तस्करी के एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है तथा तीन नाबालिग लड़कियों को सुरक्षित मुक्त कराया है। यह कार्रवाई रहुई थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लड़कियों के अपहरण की शिकायत के बाद की गई।

सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल ने प्रेसवार्ता में बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई थी। तकनीकी अनुसंधान के दौरान दोनों अपहृत लड़कियों के राजस्थान के बीकानेर में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां छापेमारी की और दोनों लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया।

जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि दोनों नाबालिगों को करीब तीन लाख रुपये में राजस्थान ले जाकर बेच दिया गया था। इस पूरे नेटवर्क का संचालन एक संगठित गिरोह द्वारा किया जा रहा था। पुलिस ने मुख्य सरगना धनवंती देवी उर्फ शोभा समेत कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम में छापेमारी के दौरान राजगीर क्षेत्र से छत्तीसगढ़ की एक और नाबालिग लड़की को भी बरामद किया गया। उसे तत्काल बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया है, जहां उसकी देखभाल की जा रही है।पुलिस अब इस गिरोह के विस्तृत नेटवर्क, इसके अन्य सदस्यों तथा पूर्व आपराधिक गतिविधियों की गहन जांच में जुटी है। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आगे और गिरफ्तारियां संभव हैं।

# सबमर्सिबल खराब होने से गढ़िया गांव में गहराया जल संकट, लोग परेशान





नगरनौसा (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के कैला पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-05 गढ़िया पर गांव में पिछले तीन दिनों से गंभीर जल संकट उत्पन्न हो गया है। नल-जल योजना के तहत लगाए गए सबमर्सिबल मोटर के खराब हो जाने से पूरे गांव में पानी की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वार्ड सदस्य धनंजय कुमार ने बताया कि मोटर जल जाने के कारण नल-जल योजना से एक बूंद पानी भी नहीं मिल रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि लोगों को दूर-दराज के क्षेत्रों से पानी लाकर अपनी दैनिक जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। इस समस्या का सबसे अधिक असर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों पर पड़ रहा है, जिन्हें पानी के लिए अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि इस समस्या की जानकारी कई बार स्थानीय प्रशासन और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। विभागीय उदासीनता से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही खराब सबमर्सिबल मोटर को ठीक कर पानी की आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# आंधी में उजड़ा आशियाना, एक साल से दर-दर भटक रहा परिवार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के अस्थावां प्रखंड के जाना पंचायत स्थित धोबी बीघा गांव से एक बेहद मार्मिक मामला सामने आया है, जहां एक परिवार पिछले एक साल से बेघर होकर दर-दर भटकने को मजबूर है। वार्ड संख्या 9 निवासी स्वर्गीय रामचंद्र प्रसाद के पुत्र राज कपूर अपनी पत्नी मधुवंती कुमारी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ बेहद कठिन परिस्थितियों में जीवन गुजार रहे हैं।

राज कपूर ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले आई तेज आंधी में उनका झोपड़ीनुमा घर पूरी तरह उड़ गया था। उस घटना के बाद से उनके पास रहने के लिए न तो पक्का घर है और न ही कोई कच्चा आश्रय बचा है। मजबूरी में वे अपने गोतिया के घर में शरण लिए हुए हैं, जहां अब उन्हें असहज परिस्थितियों और तानों का भी सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि परिवार का भरण-पोषण वे थोड़ी सी जमीन पर खेती कर किसी तरह करते हैं, लेकिन सिर पर छत नहीं होने के कारण उनका जीवन अत्यंत कष्टदायक हो गया है। राज कपूर ने यह भी बताया कि उन्होंने छह महीने पहले अपनी पत्नी के नाम से इंदिरा आवास योजना के तहत आवेदन किया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

पीड़ित परिवार ने प्रशासन और सरकार से गुहार लगाई है कि उन्हें जल्द से जल्द सरकारी आवास उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जी सकें।









# जांच रिपोर्ट में देरी पर डीईओ को अंतिम चेतावनी जारी हुई



अखिलेंद्र कुमार

पटना (अपना नालंदा)। क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, पटना प्रमंडल कार्यालय ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना को पांचवां स्मार पत्र जारी करते हुए लंबित जांच प्रतिवेदन को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है। यह मामला फर्जी शिक्षक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति से जुड़ा है, जिसमें गंभीर अनियमितताओं की शिकायत सामने आई है।

कार्यालय द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि श्रीमती गायत्री देवी, सचिव, तेजस्वी फैंस एसोसिएशन, कुर्जी मगध कॉलोनी, पटना द्वारा तत्कालीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, पटना तथा वर्तमान में किशनगंज में पदस्थापित राजकमल कुमार के विरुद्ध परिवाद प्रस्तुत किया गया था। आरोप है कि फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नियोजित शिक्षक रजनीश रंजन को सेवा में बनाए रखा गया और उन्हें बकाया वेतन का भुगतान भी किया गया।

इस संबंध में पहले भी कई बार पत्राचार कर बिंदुवार जांच कर स्पष्ट प्रतिवेदन मांगा गया, लेकिन लगभग 11 माह बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है। शिक्षा विभाग के निदेशक, प्रशासन ने भी 7 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि तीन दिनों के अंदर विस्तृत जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा अनावश्यक विलंब, कार्य में उदासीनता और उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना के आरोप में संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# नवल किशोर यादव ने बिहारशरीफ से शिक्षक चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया





संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शिक्षकों के नेता एवं विधान परिषद सदस्य नवल किशोर यादव ने सोमवार को पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव प्रचार का शुभारंभ सोगरा कॉलेज, बिहारशरीफ से किया। इस अवसर पर उन्होंने सोगरा कॉलेज, अल्लामा इकबाल कॉलेज तथा महात्मा बुद्ध हीरामन कॉलेज पातुआना सहित कई शिक्षण संस्थानों का दौरा किया, जहां शिक्षकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।


अपने संबोधन में नवल किशोर यादव ने कहा कि उन्होंने हमेशा शिक्षकों के मान-सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा दी गई जिम्मेदारी को उन्होंने पूरी निष्ठा से निभाया है और अब अपने कार्यों के आधार पर समर्थन मांग रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आएं और उम्मीदवारों से उनके कार्यों का हिसाब अवश्य मांगें।उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों के सम्मान के लिए उन्होंने सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाई है।

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने एकजुटता दिखाते हुए शिक्षा, हॉस्पिटल, दवाई, बालू और पत्थर माफिया जैसी प्रवृत्तियों का विरोध किया तथा शिक्षकों के हित में कार्य करने वालों को समर्थन देने की घोषणा की।इस मौके पर बूटा अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर अवधेश प्रसाद सिंह, शहाबुद्दीन, सोगरा कॉलेज के प्राचार्य सैय्यद गुलाम मोहिउद्दीन, किसान कॉलेज के प्रो दिव्यांशु, अल्लामा इकबाल कॉलेज के प्रो हबीबुररहमान, शिक्षक नेता भारतेंदु कुमार, अजीत यादव, एखलाक अहमद, रिंकू कुमार, पप्पू कुमार, कृष्ण प्रसाद, अमीन अहमद, रणविजय कुमार सिंह, प्रोफेसर बलराम प्रसाद, कृष्ण सिंह, मोज्जाम अली, प्रोफेसर साबिर, भागवत यादव समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।









# बंगाल सहित राज्यों में भाजपा जीत पर बिहारशरीफ में कार्यकर्ताओं का विजयोत्सव



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर बिहारशरीफ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य विजयोत्सव मनाया। मेहनौर स्थित भाजपा जिला कार्यालय और श्रम कल्याण केन्द्र मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर तथा मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने इस जीत को राष्ट्रवाद और विकास की विजय बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने ममता बनर्जी के कुशासन को समाप्त कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को प्रचंड बहुमत दिया है। अब डबल इंजन की सरकार के साथ बंगाल तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डॉ. आशुतोष कुमार, तेजस्विता राधा, जिला मंत्री राजू माहुरी, सोनू कुमार हिंदू, अमित शान, बबीता कुमारी, गोपी सिंह, रोशन कुमार यादव, राजीव कुमार, राजेश कुमार सिसोदिया, अमरकांत भारती, धीरेंद्र रंजन, अभिनंदन पांडे, संजीव कुमार, नागमणि कुशवाहा, ओणम कुमार, प्रिंस कुमार और संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।सभी कार्यकर्ताओं ने इसे ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि यह परिणाम देश में भाजपा और एनडीए की नीतियों के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

# शराबबंदी पर बड़ा सवाल, ग्रामीण ने बताई जमीनी हकीकत






बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के अस्थावां प्रखंड अंतर्गत जाना पंचायत के धोबी बीघा गांव में शराबबंदी कानून को लेकर एक ग्रामीण का बयान चर्चा का विषय बन गया है। गांव निवासी जोगिंदर चौधरी ने राज्य में लागू शराबबंदी की जमीनी हकीकत पर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि यह कानून सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है।

जोगिंदर चौधरी का कहना है कि बिहार में शराबबंदी होने के बावजूद आसानी से शराब उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां भी जरूरत हो, सिर्फ एक फोन कॉल पर शराब पहुंचाई जा रही है। उनके अनुसार अस्थावां ही नहीं, बल्कि पूरे नालंदा जिले और राज्य के अन्य हिस्सों में भी खुलेआम शराब की बिक्री हो रही है, जिससे सरकार की नीति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि सरकार भले ही शराबबंदी को सफल बता रही हो, लेकिन जमीनी स्तर पर इसकी स्थिति अलग ही नजर आती है। उनके मुताबिक यह नीति अपेक्षित परिणाम देने में विफल रही है।

वहीं, इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तम कुमार ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा अपनी राय रखना स्वाभाविक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन शराब की बिक्री या तस्करी की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई करता है। आरोपियों को गिरफ्तार कर मध्य निषेध अधिनियम के तहत कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाती है।

ग्रामीण के आरोप और प्रशासन के दावे के बाद क्षेत्र में शराबबंदी की प्रभावशीलता को लेकर बहस तेज हो गई है।







# एक साल बाद बरामद हुआ चोरी का बाइक, शराब तस्करी में पकड़ा गया

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार से एक वर्ष पूर्व चोरी हुआ एक बाइक आखिरकार बरामद कर लिया गया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे उसके मालिक को सौंप दिया गया। यह मामला हरनौत थाना कांड संख्या 183/25, दिनांक 19 अप्रैल 2025 से जुड़ा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दैली गांव निवासी स्व. ब्रजकिशोर सिंह के पुत्र लक्ष्मण कुमार का बाइक (बीआर 21एम 1660) 19 अप्रैल 2025 को चोरी हो गया था। उस दिन वे अपने पिता के निधन के बाद अंतिम संस्कार के लिए आवश्यक सामान खरीदने बाजार आए थे। उन्होंने करीब 25 हजार रुपये बाइक की डिक्की में रखे थे और रांची रोड स्थित एक कपड़ा दुकान के सामने बाइक खड़ा कर खरीदारी करने लगे। इसी दौरान अज्ञात चोर बाइक लेकर फरार हो गया।करीब एक वर्ष बाद 4 अप्रैल 2026 को उक्त बाइक बाढ़ स्थित उत्पाद थाना द्वारा बरामद किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और रिलीज ऑर्डर के बाद बाइक को सही-सलामत उसके मालिक को सौंप दिया गया।

उत्पाद अधीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि वाहन जांच अभियान के दौरान यह बाइक बाढ़ थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर पंचायत के पछियारी मलाही गांव निवासी रंजीत राय के पास से पकड़ा गया था। उस समय बाइक पर करीब 20 लीटर शराब ले जाई जा रही थी, जिसके तहत कांड संख्या 157/25 (31 मई 2025) दर्ज किया गया था।



वहीं, हरनौत थाना के एसआई राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बाइक चोरी के मामले में तीन माह के भीतर चार्जशीट दाखिल कर केस बंद कर दिया गया था। रुपये की बरामदगी के संबंध में जानकारी बाढ़ थाना से ही प्राप्त होगी।

# नव चयनित प्रधानाध्यापक जैनेंद्र कुमार ने उच्च माध्यमिक विद्यालय ओंदा में योगदान



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बीपीएससी से चयनित प्रधानाध्यापक जैनेंद्र कुमार ने सोमवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय ओंदा में अपना योगदान दिया। इससे पहले वे आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर, बिहारशरीफ में विशिष्ट शिक्षक के रूप में कार्यरत थे।


उनके योगदान के अवसर पर पूर्व विद्यालय छबीलापुर के मेंटोर शिक्षक अजय कुमार, कुंज बिहारी, कुंजेश, रौशन कुमार सिंह, राकेश कुमार, सूरज नारायण, राखी कुमारी एवं अशोक कुमार सहित पूरे विद्यालय परिवार ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

वहीं, अस्थावां प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय ओंदा में प्रभारी अरुणिमा चंद्रशेखर, कुमार सुदीप, अनुराधा रानी, संगीता कुमारी, ओम प्रकाश, रामाभिषेक गहलोत, शबनम बेगम, मधुलिका, प्रियंका कुमारी, शशिभूषण कुमार, अंजली सिन्हा, पवन कुमार एवं लिपिक अजीत कुमार सहित सभी शिक्षकों और कर्मियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

प्रभारी प्रधानाध्यापक चंद्रमोली प्रसाद ने भी जैनेंद्र कुमार को योगदान देने पर ढेर सारी शुभकामनाएं दीं हैं।

इस अवसर पर जैनेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय का संचालन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि चेतना सत्र से लेकर शैक्षणिक गतिविधियों तक हर कार्य को बेहतर ढंग से संचालित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं से सहयोग की अपेक्षा जताई।

विद्यालय परिवार ने भी उनके मार्गदर्शन में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और अनुशासित वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।






# मलमास मेला 2026: भीड़ के खतरे पर अलर्ट, राजगीर जू सफारी में बड़ा प्लान तैयार




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी मलमास मेला 2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर राजगीर जू सफारी परिसर में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम ने की। इसमें सहायक वन संरक्षक, क्षेत्र पदाधिकारी, वनपाल एवं वनरक्षी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मलमास मेला 2026 के दौरान संभावित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और पर्यटक सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सुचारु यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, ठोस कचरा प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति तथा पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया।निदेशक ने निर्देश दिया कि प्रवेश एवं निकास द्वारों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर स्थापित किए जाएं तथा बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, पूरे परिसर में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली को और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया, ताकि हर गतिविधि पर सतत नजर रखी जा सके।

पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट एवं बहुभाषी संकेतक बोर्ड लगाने तथा सूचना केंद्र स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं, जिससे मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# राजगीर में संभागीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से, 167 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी नालंदा में दो दिवसीय संभागीय कबड्डी प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) का आयोजन सोमवार से शुरू हो रहा है। प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और प्रतिभागी टीमों का आगमन भी हो चुका है।

इस प्रतियोगिता में पटना संभाग के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से लगभग 167 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। सभी प्रतिभागी राजगीर पहुंच चुके हैं और मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के साथ प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय की ओर से अन्य खेलों की टीमें भी संभागीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए रवाना हुई हैं। इनमें क्रिकेट अंडर-14 (बालक), वॉलीबॉल अंडर-14 (बालक), एथलेटिक्स (बालक एवं बालिका), खो-खो (बालिका) और कबड्डी (बालिका) की टीमें शामिल हैं। सभी टीमें अपने-अपने संरक्षकों के साथ प्रतियोगिता स्थल के लिए प्रस्थान कर चुकी हैं।विद्यालय के खेल प्रभारी बिल्टन ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं, प्राचार्य विवेक किशोर ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है और इससे विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा निखरती है। इस अवसर पर अमरदीप, शहबाज, सतीश, आरती कुमारी, रूबी, नेहा शर्मा सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# पत्रकार पुतुल सिंह की माता का निधन, नूरसराय में शोक की लहर

विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय के दैनिक अखबार के पत्रकार पुतुल सिंह की माता शांति देवी का सोमवार शाम करीब 5 बजे निधन हो गया। वे 67 वर्ष की थीं। उनके निधन से परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।परिवार में उनके दो पुत्र पुतुल सिंह और कुणाल कुमार तथा एक पुत्री हैं। शांति देवी के निधन की खबर मिलते ही नूरसराय पत्रकार संघ के सदस्यों ने गहरा दुख व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पत्रकार राहुल रंजन ने कहा कि शांति देवी अत्यंत सरल और नेकदिल स्वभाव की महिला थीं। उनका स्नेह और व्यवहार सभी के लिए प्रेरणादायक था।

शोक व्यक्त करने वालों में अभिषेक कुमार, संतोष पांडेय, राजेश विश्वकर्मा सहित कई पत्रकार और गणमान्य लोग शामिल रहे। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल दें।






## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# नीतीश कुमार का यह पुत्र मोह कुछ नया-नया सा है

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह पुत्र मोह कुछ नया-नया सा है। कहते हैं वे अपने पुत्र निशांत कुमार को अपनी राजनैतिक विरासत सौंपने के लिए एकदम से तैयार बैठे हैं, पर निशांत की राजनैतिक तैयारी अभी उतनी परिपक्व नहीं। सो, माना जाता है कि नीतीश ने अपने कुछ खास लोगों व पुराने दोस्तों की मंडली को निशांत को सियासी तौर पर तैयार करने का जिम्मा सौंप रखा है, इसकी अगुवाई एक तरह से नीतीश के खासमखास श्रवण कुमार के जिम्मे है।

श्रवण जेपी आंदोलन के दिनों से नीतीश के साथी हैं। माना जाता है कि इस रविवार 3 मई से शुरू हो रही निशांत की सद्भाव यात्रा को अंदरखाने से संघ का भी समर्थन हासिल है। यह यात्रा कई चरणों में होनी है। पहला फेज 3 और 4 मई दो दिनों के लिए बगहा से शुरू होगा। यात्रा का दूसरा चरण वैशाली से 7 मई को शुरू होने वाला है। निशांत की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी के आधार को मजबूत करना है, पार्टी कैडर के साथ आमने-सामने का सीधा संवाद स्थापित करना है जिससे पंचायतों से लेकर जिला इकाईयों तक के कार्यकर्ताओं से निशांत सीधे रूबरू हो सकें। अभी निशांत के पास पार्टी या सरकार में कोई औपचारिक पद नहीं हैं, पर कहते हैं उन्होंने स्वयं ही अभी पार्टी या सरकार में कोई पद लेने से मना कर दिया है।

इसके बावजूद जदयू के पुराने नेताओं का जमावड़ा उसके आसपास जुटा है। निशांत के साथ उनकी यात्रा में श्रवण कुमार के अलावा पार्टी के कई सांसद-विधायक और पंचायतों के मुखिया उपस्थित रह सकते हैं। वहीं इस यात्रा के पल-पल की जानकारियों से नीतीश को भी बाखबर रखा जाएगा।

इन दिनों नीतीश की तबियत किंचित नासाज हैं, वे लंदन के डॉक्टरों की निगरानी में हैं, भारत में उनके इलाज के समन्वया का जिम्मा एम्स के एक पूर्व न्यूरोसर्जन के पास है, जो इन दिनों दिल्ली के वसंत कुंज के एक बड़े अस्पताल में न्यूरो विभाग के प्रमुख हैं।

डॉक्टर साहब मूलतः झारखंड के हजारीबाग के रहने वाले हैं और नीतीश का इन पर बहुत भरोसा है।

# पटना में बिहार एजुकेशन समिट आयोजित, शिक्षा के विकास पर मंथन

पटना (अपना नालंदा)। इवेंटजिक मीडिया द्वारा होटल मौर्या में बिहार एजुकेशन समिट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य अनामिका सिंह, पटना की मेयर सीता साहू, पटना सिटी के विधायक रत्नेश कुमार, बिहार संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा, वरिष्ठ आईएएस शशांक शेखर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। अपने संबोधन में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने कहा कि बिहार शिक्षा की ऐतिहासिक भूमि रही है और नालंदा विश्वविद्यालय ने विश्व को ज्ञान की दिशा दी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है तथा प्रत्येक व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचाना आवश्यक है।

अति विशिष्ट अतिथि अनामिका सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही हैं, जिससे छात्रों को बेहतर अवसर मिल सके। वहीं पटना सिटी के विधायक रत्नेश कुमार ने शिक्षाविदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज को शिक्षित बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

पटना की मेयर सीता साहू ने शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। वरिष्ठ आईएएस शशांक शेखर ने विशेष रूप से बालिका



शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षित कर ही समाज को सशक्त बनाया जा सकता है। बिहार संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम के आयोजक चंदन राज ने बताया कि यह समिट का तीसरा संस्करण है, जिसका उद्देश्य शिक्षाविदों को एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि टॉक शो के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और विकसित बिहार में शिक्षा की भूमिका पर चर्चा की गई।

दिल्ली से आए वक्ता चंद्रकांत सिंह ने कहा कि बिहार के छात्र प्रतिभाशाली हैं और देश-विदेश में अपनी पहचान बना रहे हैं। इस दौरान सौरभ झा, डॉ. कुमार राजेश रंजन, स्मृति रावत, सुमित शशांक, स्मृति पांडे, किशोर और आशीष झा सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से कई शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। मंच का संचालन शैली मिश्रा ने किया, जबकि टॉक शो का संचालन राकेश संडियल ने किया। इस आयोजन में राज्य और पटना के कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे, जिससे यह कार्यक्रम सफल और प्रभावी साबित हुआ।

# बंगाल की जनता ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी सच्ची श्रद्धांजलि :- विजय कुमार सिन्हा



पटना (अपना नालंदा)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी की सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए इसे जनता की जागरूकता और परिवर्तन की इच्छा का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिली जीत अहंकार, आतंक और अत्याचार के खिलाफ जनादेश है, जो सुशासन और सनातन मूल्यों के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है।

श्री सिन्हा ने कहा कि लंबे समय से चले आ रहे वैचारिक संघर्ष, संगठन की निरंतर मेहनत और कार्यकर्ताओं के त्याग-बलिदान के परिणामस्वरूप आज बंगाल में कमल खिला है। उन्होंने इसे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया।उन्होंने आगे कहा कि बंगाल की जनता करीब पांच दशक के राजनीतिक दुष्चक्र से बाहर निकली है। पहले 34 वर्षों तक वामपंथी शासन और उसके बाद 15 वर्षों तक तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से परेशान जनता को अब पहली बार निर्भीक होकर अपनी सरकार चुनने का अवसर मिला है।इसके साथ ही उन्होंने असम में भाजपा की लगातार तीसरी जीत को विकास और स्थिरता की जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सरकार के परिश्रम का परिणाम है।

श्री सिन्हा ने विश्वास जताया कि इन चुनावी नतीजों का दूरगामी प्रभाव पड़ेगा और आने वाले समय में भाजपा एवं एनडीए की नीतियों के प्रति जनता का समर्थन और अधिक मजबूत होगा।

# विक्रमशिला सेतु क्षतिग्रस्त, मुख्यमंत्री ने दिए सख्त निर्देश और कि समीक्षा

पटना (अपना नालंदा)। विक्रमशिला सेतु के एक स्पैन के क्षतिग्रस्त होने के बाद राज्य सरकार पूरी तरह सक्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में 5, देशरत्न मार्ग स्थित आवास पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए गए।

बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने जानकारी दी कि 3 मई की मध्य रात्रि में सेतु के एक हिस्से के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली थी। जिला प्रशासन, पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की तत्परता के कारण किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

घटना के कारणों की जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम, जिसमें आईआईटी पटना और एनआईटी पटना के विशेषज्ञ शामिल हैं, को भागलपुर भेजा गया है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी पुलों का नियमित अनुरक्षण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए और आम लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो।

सरकार द्वारा गंगा नदी पार करने के लिए पैदल और दोपहिया वाहनों हेतु मुफ्त स्टीमर सेवा शुरू करने की तैयारी की जा रही है। साथ ही वैकल्पिक मार्ग के रूप में श्रीकृष्ण सेतु के माध्यम से यातायात संचालित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने गंगा नदी पर समानांतर बन रहे नए चार लेन पुल के निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने का निर्देश भी दिया, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं से निपटा जा सके।



# जनता दरबार में 25 मामलों की सुनवाई, त्वरित कार्रवाई के निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए त्वरित निपटारे की दिशा में पहल की गई। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में तथा अपर समाहर्ता (राजस्व) अनिल कुमार सिन्हा ने समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में कुल 25 आवेदनों की सुनवाई की।

जनता दरबार में विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों को लेकर लोग पहुंचे। इनमें विद्यालय में नामांकन से संबंधित 2 मामले, अतिक्रमण से जुड़े 5 मामले, परिमार्जन से संबंधित 2 मामले, इंदिरा आवास योजना से जुड़ा 1 मामला तथा नाली-गली से संबंधित 2 मामलों सहित अन्य समस्याएं शामिल थीं।

जिला पदाधिकारी ने भूमि विवाद, दाखिल-खारिज और परिमार्जन सुधार से जुड़े मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अंचल पदाधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। शिक्षा से जुड़े मामलों के समाधान के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, वहीं अन्य विभागीय समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस दौरान अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक रोहित कुमार मिश्रा, सहायक निदेशक पूनम कुमारी, सहायक निदेशक विजेता रंजन तथा वरीय उप समाहर्ता होमा इरफान सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा हेतु प्रशिक्षण, सख्त अनुपालन के निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन पर केंद्रित था।

कार्यक्रम में महिला विकास निगम, बिहार की स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर अंकिता कश्यप ने प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कार्यालय में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है तथा शिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निष्पादन की जिम्मेदारी भी संबंधित विभागों की होती है।

जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए।

इस प्रशिक्षण में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी और कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाना तथा शिकायत निवारण प्रणाली को मजबूत बनाना रहा।

# भीषण गर्मी में राहत के लिए शहर के 16 जगहों पर प्याऊ चालू




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिले में बढ़ते तापमान और संभावित हीटवेव को देखते हुए शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। आमजनों को राहत देने के उद्देश्य से नगर परिषद जहानाबाद, नगर पंचायत घोसी तथा मखदुमपुर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था शुरू की गई है।

नगर परिषद जहानाबाद क्षेत्र में कुल 16 स्थानों पर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इनमें नगर परिषद कार्यालय, रेलवे स्टेशन के निकट, अंबेडकर चौक, समाहरणालय, बस स्टैंड, अरवल मोड़, हॉस्पिटल मोड़, राजेंद्र पुस्तकालय और फिदा हुसैन मोड़ सहित कई प्रमुख स्थान शामिल हैं। यहां राहगीरों और स्थानीय लोगों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार आवश्यकता के अनुसार अन्य स्थानों पर भी पेयजल की व्यवस्था करने की बात कही गई है।

साथ ही संबंधित अधिकारियों को सभी प्याऊ स्थलों पर नियमित जल आपूर्ति और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, लू से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार और माइकिंग के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी जा रही है।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे तेज धूप में अनावश्यक बाहर न निकलें और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें।

हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जगहों पर अस्थायी रूप से रखे गए पानी के जार और बोतलों की निगरानी जरूरी है, ताकि व्यवस्था लंबे समय तक प्रभावी बनी रहे।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु जहानाबाद में जागरूकता कार्यक्रम



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। बिहार कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में सोमवार को संयुक्त श्रम भवन, जहानाबाद के सभागार में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना पर एक दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने की।

कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, जिला कौशल प्रबंधक, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के नियोजक, उद्योग संघों के प्रतिनिधि तथा आईटीआई, पॉलिटेक्निक, अभियंत्रण एवं डिग्री महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। बिहार कौशल विकास मिशन, पटना के मिशन निदेशक मनीष शंकर, नोडल पदाधिकारी राजेश कुमार (प्रतिज्ञा) एवं चंदन राय ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2026 के तहत 21 से 24 वर्ष के युवाओं को देश की शीर्ष 500 कंपनियों में 9 से 12 माह की इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा, जिसमें उन्हें प्रति माह 9000 रुपये तक का स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को अवसर देने का लक्ष्य रखा गया है।

वहीं, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 के बीच करीब 46 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित है। अधिकारियों ने कहा कि "कुशल बिहार, समृद्ध बिहार" के लक्ष्य को हासिल करने में इन योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला कौशल प्रबंधक राजीव नयन और आरती देवी ने अहम योगदान दिया।

## सदर अस्पताल नवादा का औचक निरीक्षण

# विधायक विभा देवी ने व्यवस्था सुधार के दिए सख्त निर्देश



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)।नवादा सदर विधायक विभा देवी सोमवार को अचानक अपना इलाज कराने सदर अस्पताल पहुंच गईं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और सीएस कार्यालय में लगभग आधा घंटे तक मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं उप चिकित्सा पदाधिकारी के साथ बैठक कर अस्पताल की व्यवस्था में व्यापक सुधार के निर्देश दिए।

विधायक ने खासतौर पर अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, मेडिकल उपकरणों के रख-रखाव और स्वास्थ्य सेवाओं की नियमितता पर जोर दिया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि उनका पुत्र निजी अस्पताल की लापरवाही का शिकार हो चुका है, इसलिए अब किसी अन्य मां को ऐसा दुख न झेलना पड़े, इसके लिए सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था मजबूत होना बेहद जरूरी है।

उन्होंने चिकित्सकों की रोस्टर के अनुसार तैनाती, दवाइयों के नियमित वितरण, शल्य चिकित्सा एवं प्रसूति वार्ड में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही हाल में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का हवाला देते हुए अवैध निजी एंबुलेंस पर रोक, बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई, भ्रष्टाचार पर सख्ती, गार्ड की नियमित तैनाती और वार्डों में कुत्तों के आतंक पर नियंत्रण जैसे मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा।

निरीक्षण के क्रम में विधायक ने सीटी स्कैन सेंटर, एक्स-रे सेंटर, इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, शिशु विभाग एवं डायलिसिस सेंटर का भी दौरा किया और बेहतर सेवा की अपेक्षा जताई।

इस दौरान सीएस कार्यालय के पास अपनी बारी का इंतजार कर रही महिलाओं ने विधायक से बैठने की समुचित व्यवस्था और पेयजल की कमी की शिकायत की।

मौके पर अमित सरकार, सुरेन्द्र यादव, अजय यादव, राकेश सिन्हा, पंकज साव, केशव कुमार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नितेश सिंह कछवाहा बने राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष

# समर्थकों में खुशी की लहर



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)।बिहार की सामाजिक और राजनीतिक दुनिया में सक्रिय युवा नेता नितेश सिंह कछवाहा को राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ का बिहार प्रदेश अध्यक्ष पुनः पांचवीं बार नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद बिहार भर में उनके समर्थकों, भाजपा कार्यकर्ताओं, अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवादल के सदस्यों और गौ सेवा संघ के पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्हें लगातार बधाई और शुभकामनाएं मिल रही हैं।

अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के चर्चित युवा नेता नितेश सिंह कछवाहा ने पत्रकारों से बातचीत में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर और संरक्षक इंद्रदेश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गाय हमारी माता है और उनकी सेवा करना प्रत्येक सनातन धर्मावलंबी का कर्तव्य है। उन्होंने बिहार सहितपूरे भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की।

नितेश सिंह ने कहा कि वे लगातार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और सनातन धर्म से जुड़े मुद्दों को बिहार और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाते रहे हैं। उन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता को भी अपनी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि सनातन और हिंदू समाज को मजबूत करना समय की आवश्यकता है।मगध और सारण क्षेत्र में मजबूत जनाधार रखने वाले नितेश सिंह कछवाहा को राजपूत और क्षत्रिय समाज के प्रभावशाली नेताओं में गिना जाता है। उन्होंने बताया कि गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिलाने के लिए वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखेंगे तथा बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी से भी इस विषय पर पहल करने का आग्रह करेंगे।

नितेश सिंह कच्छवाहा ने कहा कि गौ रक्षा, सनातन धर्म और समाज सेवा के लिए उनका संघर्ष आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# टी.एस. कॉलेज हिसुआ में शिक्षकेतर कर्मचारी संघ का गठन



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)।मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के अंगीभूत इकाई टी.एस. कॉलेज हिसुआ में शिक्षकेतर कर्मचारी संघ का गठन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ कर्मचारी श्री अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से संघ के पदाधिकारियों का चयन किया गया।

बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री सच्चिदानंद मिश्रा को संघ का संरक्षक बनाया गया। वहीं भौतिक विज्ञान विभाग के भंडारपाल श्री मनोज कुमार को अध्यक्ष, पीटीआई श्री मुकेश कुमार को सचिव, श्री राधारमण को उपाध्यक्ष, श्री रौशन कुमार को कोषाध्यक्ष तथा श्री अमरजीत कुमार को संयुक्त सचिव निर्वाचित किया गया। इसके अलावा पुस्तकालय सहायक श्री अमरनाथ गुप्ता, श्री प्रवीण कुमार एवं श्रीमती संगीता देवी को कार्यसमिति सदस्य चुना गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

संघ गठन के उपरांत संरक्षक श्री सच्चिदानंद मिश्रा के नेतृत्व में सभी कर्मी प्राचार्य कक्ष पहुंचे, जहां प्राचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा को निर्वाचित पदाधिकारियों की सूची सौंपी गई। प्राचार्य ने सभी नव-निर्वाचित सदस्यों को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

नव-निर्वाचित सचिव श्री मुकेश कुमार ने कर्मचारियों के हित में सदैव कार्य करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर वित्तेक्षक डॉ. स्वर्गेश कुमार, डॉ. मिथिलेश पासवान, डॉ. पीयूष मणि त्रिपाठी, डॉ. सुनील कुमार दुबे, डॉ. दिव्या पांडे, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. अंजली कुमारी, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. संजय कुमार, डॉ. नागेंद्र दास, डॉ. एस.एन. प्रभाकर, डॉ. शेखर सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम





संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। नगर थाना क्षेत्र के महुली गांव के पास पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी के रूप में की जा रही है।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां जुट गए। हादसे से आक्रोशित लोगों ने मुआवजे और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। जाम के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई और मुआवजे के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया

फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जनसेवा सुधार और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर कड़े निर्देश



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोमवार को उप विकास आयुक्त शुभम कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी और गैर तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनसेवा को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में निर्देश दिया गया कि बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत "सबका सम्मान, जीवन आसान" लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में आम लोगों की शिकायतों के समाधान हेतु अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। शिकायतकर्ताओं से सम्मानपूर्वक मिलकर उनकी समस्याओं का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित करने और इसके लिए रोस्टर तैयार करने की बात कही गई। अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि कार्यालयों में अनुपस्थित रहने से आम जनता को होने वाली असुविधा को गंभीरता से लें और इसे हर हाल में दूर करें।

बैठक में खनन, अवैध कारोबार, पीडीएस, आरटीपीएस और भूमि संबंधी मामलों में बिचौलियों की भूमिका पर रोक लगाने के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और नियमित समीक्षा पर भी बल दिया गया।

शिक्षा और आईसीडीएस विभाग की सराहना करते हुए बताया गया कि "स्कूल चलो अभियान" के तहत 16 हजार से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि एक भी बच्चा छूटे नहीं तथा सभी को निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही बच्चों की स्वास्थ्य जांच और जरूरतमंदों को चश्मा उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

स्वास्थ्य विभाग को अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन और एक्स-रे जैसी सेवाओं को पूरी तरह क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया। गर्मी के मौसम में अगलगी की घटनाओं को रोकने के लिए अग्निशमन दल को अलर्ट मोड में रहने तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

कृषि विभाग को फसल क्षति का शीघ्र आकलन कर मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करने तथा विद्युत विभाग को शॉर्ट सर्किट से होने वाली आग की घटनाओं को रोकने के उपाय करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत सोलर सिस्टम को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

इसके अलावा आपदा प्रबंधन, बाढ़ पूर्व तैयारी, सड़क दुर्घटना मुआवजा, मलमास मेला 2026 की तैयारियों सहित विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन करने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का सख्त निर्देश दिया गया।

# हिलसा एसयू कॉलेज में 6-7 मई को शिक्षकेतर कर्मचारियों की हड़ताल

हिलसा (अपना नालंदा)। एस.यू. कॉलेज हिलसा के शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 6 और 7 मई 2026 को सामूहिक धरना एवं कलमबंद हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। यह हड़ताल राज्यव्यापी आंदोलन के तहत आयोजित की जा रही है, जिसमें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों के कर्मचारी भी भाग लेंगे।

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन एवं सचिव शैलेश कुमार ने सोमवार को प्रभारी प्राचार्य को पत्र सौंपकर इस निर्णय की औपचारिक सूचना दी। पत्र में बताया गया है कि यह कदम बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ और पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के निर्देशों के आलोक में उठाया गया है।

संघ के अनुसार, आंदोलन सातवें वेतनमान में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने, लंबित प्रोन्नति, पेंशन योजना के लाभ तथा संविदा कर्मियों के नियमितीकरण जैसी प्रमुख मांगों को लेकर किया जा रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से इन मुद्दों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है।

अध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार नयन ने कहा कि शिक्षकेतर कर्मचारी विश्वविद्यालय व्यवस्था की रीढ़ होते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। संघ ने सभी कर्मचारियों से हड़ताल में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए इसे सफल बनाने का आह्वान किया है।

# समाधान समारोह 2026: सुप्रीम कोर्ट में विशेष लोक अदालत से होगा निपटारा



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा "समाधान समारोह 2026" के तहत न्याय को अधिक सुलभ और त्वरित बनाने की पहल शुरू की गई है। 'पार्टिसिपेटिव जस्टिस' और 'डोरस्टेप डिलीवरी ऑफ जस्टिस' के उद्देश्य से प्रारंभ यह कार्यक्रम 21 अप्रैल 2026 से चल रहा है, जिसका समापन 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ होगा।

इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों का आपसी सहमति और मध्यस्थता के माध्यम से निपटारा करना है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आए और पक्षकारों को शीघ्र राहत मिल सके।

इस पहल में भाग लेने के लिए वकीलों, वादकारियों एवं अन्य संबंधित पक्षों से अपील की गई है कि वे सक्रिय रूप से जुड़ें और अपने विवादों के समाधान में सहयोग करें। इच्छुक पक्ष ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं और आवश्यकता अनुसार भौतिक या वर्चुअल रूप से शामिल हो सकते हैं।

आवेदन के लिए गूगल फॉर्म लिंक:

संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)।बिहार की सामाजिक और राजनीतिक दुनिया में सक्रिय युवा नेता नितेश सिंह कछवाहा को राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ का बिहार प्रदेश अध्यक्ष पुनः पांचवीं बार नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद बिहार भर में उनके समर्थकों, भाजपा कार्यकर्ताओं, अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवादल के सदस्यों और गौ सेवा संघ के पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्हें लगातार बधाई और शुभकामनाएं मिल रही हैं।

अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के चर्चित युवा नेता नितेश सिंह कछवाहा ने पत्रकारों से बातचीत में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर और संरक्षक इंद्रदेश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गाय हमारी माता है और उनकी सेवा करना प्रत्येक सनातन धर्मावलंबी का कर्तव्य है। उन्होंने बिहार सहितपूरे भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की।

नितेश सिंह ने कहा कि वे लगातार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और सनातन धर्म से जुड़े मुद्दों को बिहार और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाते रहे हैं। उन्होंने गरीबों �

यह फॉर्म सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)।बिहार की सामाजिक और राजनीतिक दुनिया में सक्रिय युवा नेता नितेश सिंह कछवाहा को राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ का बिहार प्रदेश अध्यक्ष पुनः पांचवीं बार नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिमेदारी मिलने के बाद बिहार भर में उनके समर्थकों, भाजपा कार्यकर्ताओं, अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवादल के सदस्यों और गौ सेवा संघ के पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्हें लगातार बधाई और शुभकामनाएं मिल रही हैं।

अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के चर्चित युवा नेता नितेश सिंह कछवाहा ने पत्रकारों से बातचीत में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर और संरक्षक इंद्रदेश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गाय हमारी माता है और उनकी सेवा करना प्रत्येक सनातन धर्मावलंबी का कर्तव्य है। उन्होंने बिहार सहितपूरे भारत में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की।

नितेश सिंह ने कहा कि वे लगातार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और सनातन धर्म से जुड़े मुद्दों को बिहार और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाते रहे हैं। उन्होंने गरीबों

� पर भी उपलब्ध है।

किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए वन स्टॉप सेंटर (वॉर रूम) के संपर्क नंबर 011-23112428, 011-23112528 तथा लैंडलाइन 011-23116464 जारी किए गए हैं। इसके अलावा डायरेक्टर, सी.आर.पी. से 011-23115652 पर संपर्क किया जा सकता है।

नालंदा जिले के इच्छुक लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नालंदा के मोबाइल नंबर 7070092426 पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

यह आयोजन न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# हरनौत रेलवे स्टेशन से बाईक चोरी, खोजबीन के बाद थाना पहुंचा पीड़ित

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत रेलवे स्टेशन परिसर से सोमवार को एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।पीड़ित पवन कुमार, जो हरनौत थाना क्षेत्र के महेशपुर-बेलदरियापर गांव निवासी किशोर जमादार के पुत्र हैं, ने बताया कि वे अपने परिवार के सदस्यों को ट्रेन पकड़वाने के लिए स्टेशन गए थे। उन्होंने अपनी बाइक स्टेशन परिसर में खड़ी कर दी और प्लेटफॉर्म पर चले गए।कुछ समय बाद जब वे वापस लौटे तो उनकी बाइक वहां से गायब थी। उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला।